बांस उत्पादन,बांस अर्थशास्त्र,लाख की खेती एवं कृषि-वानिकी विषय पर दिनांक १.३.१६ से ३.३.१६ तक तीन दिवसीय एक्सपोजर भ्रमण सह प्रशिक्षण

वन उत्पादकता संस्थान, रांची के अंतर्गत दिनांक १.३.१६ से ३.३.१६ तक आगाखान ग्रामीण सहायता कार्यक्रम, पुसा, बिहार के सौजन्य से समस्तीपुर के कृषकों के लिए कृषि-वानिकी बिषय पर तीन दिवसीय भ्रमण सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया| कार्यक्रम का संचालन संस्थान के विस्तार प्रभाग द्वारा किया गया था| उपरोक्त कार्यक्रम के तहत कृषकों को विभिन्न संस्थानों जैसे कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय,रांची, भारतीय प्राकृतिक राल एवं गोंद संस्थान, नामकुम, राम कृष्ण मिसन आश्रम, रांची इत्यादि का भ्रमण कराया गया, जहाँ कृषकों को बांस उत्पादन,लाख की खेती, मधु पालन एवं कृषि वानिकी की तकनीक के संबंध में विशेषज्ञों का परामर्श प्राप्त हुआ|इसके अलावा,कृषकों को खूंटी क्षेत्र का भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्होंने फ्लेमेंजिया सेमियालता पर लाख की खेती कर रहे उन्नतशील किसानों से इस विषय पर उनका अनुभव एवं अन्य जानकारी प्राप्त की|

कार्यक्रम के समापन में डा०शमीम अख्तर अंसारी, निदेशक, वन उत्पादकता संस्थान,रांची ने बांस की खेती ,लाख की खेती तथा कृषि वानिकी से ज्यादा से ज्यादा आमदनी प्राप्त कर आजीविका में सुधार कैसे किया जाय पर प्रतिभागियों को अवगत कराया एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए| डा० शरद तिवारी, प्रभागाध्यक्ष, कृषि-वानिकी एवं विस्तार प्रभाग ने धन्यवाद ज्ञापन दिया|

डा ० शमीम अख्तर अंसारी, निदेशक, वन उत्पादकता संसथान,रांची द्वारा कृषकों को संबोधन

डा०शरद तिवारी प्रभागाध्यक्ष विस्तार प्रभाग द्वारा आगाखान ग्रामीण सहायता कार्यक्रम,पुसा,बिहार के कृषकों को बांस उत्पादन, लाख उत्पादन एवं कृषि-वानिकी विषय पर संबोधन

श्री संजीव कुमार, प्रभागाध्यक्ष अकाष्ठ वनोत्पाद द्वारा कृषकों को बांस की खेती पर संबोधन एव बांस वाटिका का अवलोकन

खूंटी प्रक्षेत्र में कृषको द्वारा भालिया एवं फ्लेमेंजिया सेमियालाता पर लगे लाख एवं लाख कीट का अवलोकन

आगाखान ग्रामीण सहायता कार्यक्रम,पुसा,बिहार के कृषकों द्वारा भारतीय राल एवं गोंद संस्थान नामकुम संग्रहालय अवलोकन

विरसा विश्वविद्यालय वानिकी संकाय के विशेषज्ञों द्वारा कृषकों को कृषि-वानिकी पर संबोधन

राम कृष्ण मिशन आश्रम के संग्रहालय एवं लाख कारखाना एवं लाख उत्पाद का अवलोकन

डा ० शमीम अख्तर अंसारी निदेशक वन उत्पादकता संसथान,रांची द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण